Title: Need to provide adequate security to Kumari Uma Bharati, MP who is on hunger strike for employment of daily wage-earners.

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा): माननीय अध्यक्ष महोदय, साध्वी उमा भारती जी इस सदन की वरिष्ठ सदस्य हैं। वे पिछले तीन दिनों से भोपाल में अपनी जिंदगी को दांव पर लगा कर दैनिक वेतनभोगियों को बहाल करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी हैं। परसो रात को हमारे धरना स्थल पर जब वे भूख हड़ताल पर बैठी हुई थीं, उसी समय, एक मोटर साइकल पर सवार होकर तीन लोग उस अनशन स्थल पर पहुंचे। एक बैरीयर उन्होंने तोड़ा, उसके बाद, वे वापस जाने लगे, फिर वापस मुड़कर तेजी से चलकर उमा भारती तक पहुंचने का प्रयत्न कर रहे थे, तो साध्वी उमा भारती जी के निजी अंगरक्षक को संदेह हुआ, तो उसने उनको पकड़ लिया, वहां भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी थे। उनके पास से तलवार बरामद हुई, चाकू बरामद हुआ। मैं यह कहना चाहता हूं कि उमा भारती जी को जैड प्लस की सुरक्षा प्राप्त है। इसके बाद भी राज्य सरकार ने उनकी सुरक्षा का प्रबन्ध नहीं किया। राज्य सरकार

----

*Not Recorded.

उनकी सुरक्षा के प्रति कतई चिन्तित नहीं है। उनके प्राण संकट में हैं। म.प्र. के मुख्य मंत्री उनकी सुरक्षा

की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि कुमारी उमा भारती की सुरक्षा का पूरा प्रबन्ध किया जाए। वे तीन दिन से हड़ताल पर बैठी हैं। म.प्र.के मुख्य मंत्री ने जांच करने से इन्कार किया है। आप सदन के संरक्षक हैं, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह हस्तक्षेप करे और राज्य सरकार उनकी मांग स्वीकार करे। यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे म.प्र. में आग लग जाएगी, अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। â€¦(व्यवधान)

29. hrs.